अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

05 MARCH 2024

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams

**Sunil Lawania**

(Managing Director)


FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra


8476067777, 8394040777

**1. 4 मार्च को राष्ट्रिय सुरक्षा दिवस मनाया**




- देश की रक्षा के लिए सुरक्षा बालों द्वारा किये गये व्यापक प्रयासों को सम्मान प्रकट करने के लिए हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है ।
- यह विचार कि 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए, पहली बार 1972 में शुरू किया गया था, और तब से हर साल आयोजित किया जाता है ।
- एन.एस.सी या 'राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद' हर साल इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी लेती है ।
- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) की स्थापना 4 मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एक स्थायी सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण आंदोलन विकसित करने के लिए की गई थी ।

**2. ओडिशा की चांदी तारकशी को GI टैग मिला**



- भारत में बहुत सी धझुकला और हस्तकला हैं जिनकी पहचान इंटरनेशनल लेवल पर है और अब इनमें एक और कला शामिल हो गई है. ओडिश् की सिल्वर फिलिग्री (Silver Filigree) जिसे 'रूपा तारकासी' के नाम से जाना जाता है.
- ओडिशा राज्य सहकारी हस्तशिल्प निगम के आवेदन दायर करने के चार साल बाद, पतले चांदी के तारों के प्रसिद्ध हस्तशिल्प को आखिरकार भौगोलिक संकेत (GI) टैग मिल गया है.
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत चेन्नई स्थित GI रजिस्ट्री, GI रजिस्ट्रेशन के लिए राष्ट्रीय निकाय है.
- हाल ही में, संस्थान ने कटक रूपा तारकासी (सिल्वर फिलिग्री) के लिए एक एप्लिकेशन रजिस्टर की और इसे कटक के अद्वितीय उत्पाद के रूप में मान्यता दी.
- यह टैग अब कटक कारीगरों के बनाए चांदी के फिलाग्री आभूषणों के लिए अच्छे दाम मिलने में मदद करेगा.

**3. गोवा विश्व बैंक जलवाय निधि पाने वाला भारत का पहला राज्य बना**




- वर्ल्ड बैंक के इंडिया क्लाइमेट एंड द डेवलपमेंट पार्टनर्स मीट का आयोजन गोवा के राजधानी परजी में हुआ
- इस दौरान गोवा सरकार और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने जलवायु कार्रवाई के लिए वर्ल्ड बैंक के साथ समझौता किया उद्देश्य कम कार्बन उत्सर्जन और जैल बढ़ावा देना जलवायु अनुकूल विकास हो

**4. उत्तर प्रदेश पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 5 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला भारत का पहला राज्य बना**

- आयुष्मान भारत PM-JAY के तहत पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है
- 'पहले इस योजना के तहत प्रतिदिन मरीजों के भर्ती होने का औसत 2,000 था, जो अब बढ़कर लगभग 8,000 प्रतिदिन हो गया है
- **<u>प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना</u>**
- यह योजना 2018 में रांची (झारखंड) से शुरू हुई थी
- प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान किया जाता है
- **<u>उत्तर प्रदेश करंट अफेयर्स</u>**
- अडाणी समूह ने यूपी के कानपुर में देश के पहले गोला-बारूद-मिसाइल विनिर्माण परिसर का अनावरण किया है

- लखनऊ में एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना शुरू की गई है
- 

**5. सीमा सुरक्षा बल (BSF) की सब-इंस्पेक्टर सुमन कुमारी सीमा सुरक्षा बल की पहली महिला स्नाइपर बन गई**




- 
- सीमा सुरक्षा बल (BSF) की सब-इंस्पेक्टर सुमन कुमारी सीमा सुरक्षा बल की पहली महिला स्नाइपर बन गई हैं.
- सुमन ने हाल ही में इंदौर के सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपंस एंड टैक्टिक्स (CSWT) में आठ सप्ताह का स्नाइपर कोर्स पूरा किया और 'प्रशिक्षक ग्रेड' हासिल किया.
- सुमन हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की रहने वाली है. वह साल 2021 में बीएसएफ में शामिल हुईं थी.
- **<u>सीमा सुरक्षा बल:-</u>**
- संस्थापक: ख़ुसरो फ़रामुर्ज़ रुस्तमजी
- स्थापना: 1 दिसंबर 1965
- पशु: कुत्ते, ऊँट, घोड़े
- मुख्यालय: नई दिल्ली, भारत
- कर्मचारी: 265,000 सक्रिय कर्मी
- संक्षिप्त रूप: बीएसएफ
- एजेंसी के कार्यकारी: नितिन अग्रवाल, आईपीएस, महानिदेशक;
- 

**6. सर्बानंद सोनोवाल ने 'ओशन ग्रेस' नामक एएसटीडीएस टग का उद्घाटन किया**



- 
- केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने हाल ही में 'ओशन ग्रेस' नामक 60टी बोलार्ड पुल टग और मेडिकल मोबाइल यूनिट (एमएमयू) का उद्घाटन किया.
- ओशन ग्रेस, मेड-इन-इंडिया एएसटीडीएस टग (बड़े जहाजों को खिंचने वाली छोटी नाव) है जिसे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है.
- इसका विकास ग्रीन टग ट्रांज़िशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) के तहत किया गया है.
- 

**7. केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ किया**



- 
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में एम्स में एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ किया.
- इसका उद्देश्य पारंपरिक भारतीय ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा दोनों का एक साथ उपयोग करके रोगियों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है.
- ये केंद्र विभिन्न एम्स स्थानों जैसे एम्स दिल्ली, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर और एम्स ऋषिकेश में स्थापित किए जाएंगे.
- 

**8. ग्लोबल रिसोर्सेज आउटलुक रिपोर्ट यूएनईपी के द्वारा जारी की**

UN environment programme

- 
- ग्लोबल रिसोर्सेज आउटलुक (Global Resource Outlook) 2024 रिपोर्ट केन्या के नैरोबी में यूएनईपी मुख्यालय में छठी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (यूएनईए-6) के दौरान लॉन्च किया गया.
- यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अंतर्राष्ट्रीय संसाधन पैनल की प्रमुख रिपोर्ट है.
- यूएनईपी संयुक्त राष्ट्र के तहत पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रतिक्रियाओं के समन्वय के लिए जिम्मेदार है.

- **यूएनईपी:-**
- स्थापित: 5 जून 1972, नैरोबी, केन्या
- मुख्यालय: नैरोबी, केन्या
- संस्थापक: मौरिस स्ट्रॉन्ग
- कार्यकारी निदेशक: इंगर एंडरसन (2019 से); डेनमार्क
- संक्षिप्त रूप: संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण; यूएनईपी

9. **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान 'अदिति योजना' की शुरुआत की**




- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अदिति योजना' (ADITI scheme) की शुरुआत की.
- योजना के तहत, स्टार्ट-अप रक्षा प्रौद्योगिकी में अपने अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे.
- 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए इस योजना के तहत 750 करोड़ रुपये आवंटित किये गए है.

10. **भारतीय नौसेना 06 मार्च 2024 को कोच्चि में आईएनएस गरुड़ में एमएच 60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को शामिल करेगी।**



- यह भारत के रक्षा आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण आंदोलन का प्रतीक होगा।
- भारतीय नौसेना सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में कमीशन करेगी।
- ये हेलीकॉप्टर 24-विमान विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध के अंतर्गत आते हैं।
- इस अनुबंध पर फरवरी 2020 में अमेरिकी सरकार के साथ हस्ताक्षर किए गए थे।
- अब तक, नौसेना ने 24 एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों में से छह को शामिल किया है।
- एमएच 60आर सीहॉक मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर को सतह-विरोधी युद्ध, पनडुब्बी-रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी और ऊर्ध्वाधर पुनःपूर्ति के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- सी हॉक एक ट्विन टर्बोशाफ्ट इंजन, मल्टी-मिशन अमेरिका की नेवी का हेलीकॉप्टर है।
- आईएनएस गरुड़ केरल के कोच्चि में स्थित एक भारतीय नौसैनिक हवाई स्टेशन है। यह भारतीय नौसेना का सबसे पुराना ऑपरेटिंग एयर स्टेशन है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हाल ही में राष्ट्रिय सुरक्षा दिवस कब मनाया गया ?**
(a) 2 March
(b) 3 March
(c) 4 March
(d) 5 March

**2. हाल ही में किस राज्य की चांदी तारकशी को GI टैग मिला ?**
(a) त्रिपुरा
(b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र
(d) ओडिशा

**3. हाल ही में विश्व बैंक जलवाय निधि पाने वाला भारत का पहला राज्य कौनसा है ?**
(a) जम्मू कश्मीर
(b) गोवा
(c) असम
(d) ओडिशा

**4. पीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 5 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) छत्तीसगढ़
(c) राजस्थान
(d) मध्य प्रदेश

**5. सीमा सुरक्षा बल (BSF) की पहली महिला स्नाइपर कौन बनी है?**
(a) शालिज़ा धामी
(b) शिवा चौहान
(c) दीपिका मिश्रा
(d) सुमन कुमारी

**6. हाल ही में 'ओशन ग्रेस' नामक एएसटीडीएस टग का उद्घाटन किसने किया?**
(a) राजनाथ सिंह
(b) अमित शाह
(c) अनुराग ठाकुर
(d) सर्बानंद सोनोवाल

**7. केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ कहां किया?**
(a) नई दिल्ली
(b) अहमदाबाद
(c) कोलकाता
(d) चेन्नई

**8. ग्लोबल रिसोर्सेज आउटलुक रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है?**
(a) यूएनईपी
(b) वर्ल्ड बैंक
(c) नीति आयोग
(d) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

**9. 'अदिति योजना' निम्न में से किस क्षेत्र से सम्बंधित है?**
(a) स्वास्थ्य क्षेत्र
(b) स्पेस टेक्नोलॉजी
(c) रक्षा क्षेत्र
(d) शिक्षा क्षेत्र

**10. भारतीय नौसेना 06 मार्च 2024 को कोच्चि में आईएनएस ____ में एमएच 60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को शामिल करेगी?**
(a) आईएनएस इंफाल
(b) आईएनएस संधायक
(c) आईएनएस गरुड़
(d) आईएनएस विक्रांत

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (d) | (b) | (s) | (d) | (d) | (a) | (a) | (c) | (c) |